**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 09.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)**

नए संसद भवन में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया जारी है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन इस चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबसे पहले मतदान किया।

**********************

मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में रांची में झारखंड ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की बैठक हुई। मुख्य सचिव ने ट्रांसजेंडरों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए राज्यव्यापी सर्वे कराने और जिलास्तरीय समिति के शीघ्र गठन का निर्देश दिया। बैठक में सामने आया कि ट्रांसजेंडर अपनी पहचान उजागर करने से हिचकते हैं, जिससे पहचान पत्र, आरक्षण, पेंशन और स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़ने में दिक्कत होती है। बैठक में निर्णय लिया गया कि बोर्ड की ओर से ट्रांसजेंडर सपोर्ट यूनिट का गठन किया जाएगा।

**********************

चतरा में 35वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल ने अपना 19वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें जवानों के साथ स्थानीय लोग भी शामिल हुए। द्वितीय कमांडेंट रमेश कुमार ने बताया कि एसएसबी के जवान न सिर्फ सीमा सुरक्षा में लगे हैं बल्कि नक्सल विरोधी अभियानों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में विधायक जनार्दन पासवान, उपायुक्त कृतिश्री और पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल मौजूद रहे और जवानों की सराहना की।

**********************

देवघर के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने इस वर्ष 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा (जैक, सीबीएसई और आईसीएसई) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय सेकेंड टॉपर श्रेया केशरी को 2 लाख रुपये, लैपटॉप और मोबाइल, जबकि आर्ट्स थर्ड टॉपर रिद्धिमा सुकृति को 1 लाख रुपये, लैपटॉप और मोबाइल प्रदान किया गया। उपायुक्त ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**********************

साहिबगंज में उपायुक्त हेमंत सती ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया और ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, फायर सेफ्टी उपकरण और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की। मौके पर उन्होंने निर्देश दिया कि सुरक्षा और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**********************

बोकारो के चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित बांधडीह रेलवे साइडिंग में मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने फायरिंग की, जिसमें एक ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बोकारो जेनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि घटनास्थल से एक पर्चा बरामद हुआ है और मामले की जांच रंगदारी या ठेका विवाद की दिशा में की जा रही है।

**********************

धनबाद शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए जिले की ट्रैफिक पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

**<u>***********************</u>**

मौसम विभाग ने अगले तीन घंटों के अंदर रांची समेत देवघर, कोडरमा, पलामू, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा और पश्चिम सिंहभूम जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे के मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की संभावना जताई है।

**<u>***********************</u>**

17वां एशिया कप टी20 क्रिकेट मैच आज शाम संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में शुरू होगा और इस महीने की 28 तारीख को समाप्त होगा। उद्घाटन मैच अफ़ग़ानिस्तान और हांगकांग के बीच रात 8 बजे खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान इस महीने की 14 तारीख को आमने–सामने होंगे।

**<u>********समाप्त********</u>**